कोटद्वार, शनिवार
4 मई 2024
वर्ष: 45
अंक: 356 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गंगा में डूबे युवक और युवती के शव पांच दिन बाद मिले

ऋषिकेश। पौड़ी गढ़वाल जिले के थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र के मस्तराम घाट पर रविवार को गंगा नदी में डूबे साहिल गुप्ता (25) और नेहा (29) का शव बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ ने साहिल का शव पशुलोक बैराज से बरामद किया। जबकि नेहा का शव जानकी पुल परमार्थ घाट के पास से बरामद हुआ है। परिजनों ने शव की शिनाख्त की है। एसडीआरएफ ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा है। बता दें कि आठ लोगों का ग्रुप दो दिन पहले ही ऋषिकेश आया था। रविवार को यह ग्रुप स्वर्गाश्रम क्षेत्र में पहुंचा। यहां सभी लोग मस्तराम घाट पर गंगा नदी में नहाने उतर गए।

नहाते समय गंगा में गहराई का अंदाजा नहीं होने से वह डूबने लगे। तेज लहरों के बीच युवती समेत दो पर्यटक गायब हो गए। पर्यटकों को डूबते हुए देख राफ्टिंग गाइड उनको बचाने गंगा में कूद गए। राफ्टिंग गाइड ने दो पर्यटकों को बचा लिया और चार पर्यटक खुद ही गंगा की लहरों से सुरक्षित बाहर निकल आए। जबकि नेहा और साहिल का कुछ पता नहीं लग पाया था। पुलिस ने बताया कि नेहा एसबीआई में कार्यरत थी, जबकि साहिल छात्र था।

### चारधाम यात्रा : 19 दिन में 19 लाख से अधिक पंजीकरण

देहरादून( । चार धाम यात्रा समेत हेमकुंड के लिए श्रद्धालुओं के पंजीकरण का आंकड़ा 19 दिन में ही 19 लाख को पार कर गया है। अभी तक कुल 1925617 श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं। शुक्रवार को कुल 52179 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। अभी तक केदारनाथ धाम में कुल 668356 पंजीकरण हो चुके हैं। बदरीनाथ धाम में 567903 पंजीकरण, गंगोत्री 347061, यमुनोत्री 306587 पंजीकरण हुए। श्री हेमकुंड साहिब के लिए 35710 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। सबसे अधिक पंजीकरण वेब पोर्टल के जरिए 1494775 श्रद्धालुओं ने कराए। मोबाइल एप से पंजीकरण कराने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 264221 रही। हाट्सअप से 166621 ने पंजीकरण कराया।

### चारधाम यात्रा ठगी से जुड़ी 76 वेबसाइट बंद कराई

देहरादून। चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर ठगी के लिए बनाई गई 76 वेबसाइट को साइबर सेल अब तक बंद करवा चुका है। इनमें 64 फर्जी वेबसाइट पिछले साल बंद कराई गई थी। जबकि, इस साल यात्रा के लिए बुकिंग खुलने के बाद अब तक 12 वेबसाइट बंद कराई गई हैं। इंटरनेट पर साइबर थाने से ऐसी वेबसाइटों की लगातार निगरानी की जा रही है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि केदारनाथ समेत चारधाम यात्रा के लिए हेली बुकिंग के नाम पर ठगी बढ़ती जा रही है। लोगों को हेलीकॉप्टर की बुकिंग करते वक्त सचेत रहने की जरूरत है। हेली टिकट बुकिंग के लिए सरकार ने केवल आईआरसीटीसी को अधिकृत किया हुआ है। इस पर टिकट उपलब्ध हैं तो बुक कराएं। टिकट नहीं मिल रहे तो अन्य साइटों पर भरोसा न करें। साइबर ठग हेली बुकिंग के नाम पर लगातार साइट बनाने के साथ सोशल मीडिया पोर्टल पर अपनी पोस्ट डाल रहे हैं। बीते 20 अप्रैल को केदारनाथ धाम के लिए हेली सर्विस बुकिंग खोली गई है। आईआरसीटीसी पोर्टल पर बुकिंग जून तक पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में साइबर ठग अपनी फर्जी साइटों के जरिए टिकट बुकिंग का झांसा देकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। साइबर थाने के डिप्टी एसपी अंकुश मिश्रा ने बताया कि केंद्र साइबर अपराध समन्वय केंद्र जरिए इन फर्जी वेबसाइटों को बंद कराया जा रहा है। इस साल अब तक 12 वेबसाइटों समेत कुल 76 वेबसाइट बंद कराई जा चुकी है।

### उत्तराखंड को वैलनेस का बड़ा हब बनाया जा सकता है : कोश्यारी

देहरादून। दून योग पीठ द्वारा आयोजित नवें दून योगा महोत्सव का उद्घाटन महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शुक्रवार को किया। कोश्यारी ने कहा कि योग, आर्युवेद, प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उत्तराखंड को वैलनेस का एक बड़ा हब बनाया जा सकता है। आयोजकों ने भगत सिंह कोश्यारी और इंदौर की योग गुरु डॉ. निशा जोशी को योग श्री सम्मान प्रदान किया। ओएनजीसी के बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक संस्थान कौलागढ़ रोड में हुए आयोजन में भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि योग और उत्तराखंड एक दूसरे के पूरक हैं जो अनेक दिव्य महात्मा, संतों व योग साधकों की स्थली रही है। इससे पूर्व श्री परशुराम चतुर्वेद विद्यालय के ऋषिकुमारों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण, श्री नंदा शक्ति दल की मातृ शक्तियों के मांगल गायन के बीच कोश्यारी संग दून योग पीठ के संस्थापक डॉ. आचार्य बिपिन जोशी, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, राज्य मंत्री भारतीय चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. जेएन. नौटियाल, पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल, पालीटेक्निक के चेयरमैन हर्षमणि व्यास, प्रधानाचार्य नमिता ममगाई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर योग महोत्सव का शुभारंभ किया। आचार्य बिपिन जोशी, सुनील उनियाल गामा ने योग महोत्सव को योग के प्रचार प्रसार में मील का पत्थर बताया। राज्य मंत्री भारतीय चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ जेएन नौटियाल, प्रोफेसर डॉ. विनोद नौटियाल, रजनी नौटियाल ने योग को सही जीवन जीने की पद्धति का आधार बताया। योग गुरु निशा जोशी ने योग पर ओर शोध की जरुरत बताई। मौके पर योगाभ्यास, योग आधारित प्रतियोगिता हुई। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल कालेजों के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. विनोद नौटियाल, एवरेस्ट योग संस्थान के निदेशक योगाचार्य संजीव त्यागी, मयंक पांडे पांडे, डॉ. उर्बी पांडे, योग शिक्षिका योगाचार्य दीपिका खंतवाल, मधु सेमवाल, अंबिका उनियाल, विमला देशवाल, विनय कुमार मौजूद रहे।

## चुनावों के कारण केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कर सकते हैं विचार—सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को हुई सुनवाई में कोर्ट ने गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल करते हुए ईडी से जवाब मांगा था। इसी के साथ कुछ अन्य सवालों के जवाब भी मांगे थे। ईडी आज इन्हीं सभी सवालों के जबाव देगी है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है।

इससे पहले 30 अप्रैल को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखते हुए ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कई सवाल पूछे और शुक्रवार को इनका जवाब मांगा। पीठ ने राजू से कहा, ''जीवन और स्वतंत्रता बेहद अहम हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते।'' इस मामले से जुड़ी पल–पल के अपडेट के लिए बने रहिए हमारे साथ–

अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए कहा, मैं एक समनी हूं। मैं आरोपी या दोषी नहीं हूं। आखिरी समन 16 मार्च 2024 को आया था। इसमें मुझसे 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया थे. इससे ये साफ है कि मैं 16 मार्च तक आरोपी की स्थिति में नहीं हूं। तो फिर अचानक से क्या बदल गया?

इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा, जब तक आप गिरफ्तार नहीं हो जाते, आप आरोपी नहीं हैं। वहीं सिंघवी ने कहा, सिंघवीः केजरीवाल ने लिखित में पूछा था कि क्या वह आरोपी हैं। ईडी की अपनी समझ के मुताबिक वह 16 मार्च तक आरोपी नहीं थे तो 21 मार्च को वह अचानक कोर्ट से यह कैसे कह सकते हैं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करना जरूरी है।

सिंघवी ने कहा, जिन सभी सबूतों के आधार पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है वह 2023 से पहले के हैं। हर सामग्री जुलाई, 2023 जैसी है। मनीष सिसौदिया के मामले में भी यही सबूत आधार बनाए गए थे। मनी ट्रेल चार्ट वही

### राहुल गांधी ने किया नामांकन सडकों पर उमड़ा जनसैलाब

रायबरेली , कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे ।राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। शुक्रवार सुबह राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए ।हाथी पार्क स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। जो हाथी पार्क,डिग्री कॉलेज चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी रिहा। बता दें कि रायबरेली सीट को कांग्रेस का गढ़ कहा जाता है और इस सीट पर नामांकन की आखिरी तारीख के दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम कांग्रेस ने उम्मीदवार के रूप में घोषित किया। वहीं अंतिम दिन राहुल गांधी ने रायबरेली पहुंचकर नामांकन दाखिल कराया और नामांकन के बाद कांग्रेस चुनाव कार्यालय में उन्होंने पूजा अर्चना की। रायबरेली सीट पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा और इस सीट पर बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है ।साल 2019 के चुनाव में रायबरेली सीट ही एक ऐसी सीट थी जिस पर कांग्रेस को जीत मिली थी।

## स्कूल विवाद : दसवीं की टॉपर प्रियांशी रावत ने जिस स्कूल में की पढ़ाई उसके पास नहीं है दसवीं बोर्ड की मान्यता

### जांच के दिये आदेश



देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड में कक्षा दसवीं की टॉपर प्रियांशी रावत को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। प्रियांशी रावत ने जिस स्कूल में पढ़ाई कर रही थीं उसके पास दसवीं बोर्ड की मान्यता ही नहीं है। मामले के संज्ञान में आने के बाद अब शिक्षा विभाग ने प्रकरण पर जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया गया कि प्रियांशी ने जिस स्कूल में दाखिला लिया, उसकी दसवीं में मान्यता न होने के कारण रजिस्ट्रेशन किसी दूसरे स्कूल से करवाया गया था। एक तरह से प्रियांशी ने एक डमी स्कूल से बोर्ड की परीक्षा दी थी। उत्तराखंड शिक्षा विभाग अपनी तमाम व्यवस्थाओं के कारण चर्चाओं में रहता है। इस बार मामला बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाली प्रियांशी रावत से जुड़ा है। उत्तराखंड की इस बेटी ने दसवीं कक्षा में सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 100% अंक प्राप्त किए हैं। प्रियांशी रावत दसवीं कक्षा में अब तक प्रदेश में सबसे ज्यादा अंक पाने वाली छात्रा हैं। उधर प्रियांशी रावत के टॉप करने के बाद उनके स्कूल को लेकर जो तथ्य सामने आए हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। दरअसल, प्रियांशी रावत ने एक डमी स्कूल से बोर्ड की परीक्षा दी है। जिसकी दसवीं की मान्यता ही नहीं है। इस स्कूल का दूसरे स्कूल से पंजीकरण है। उत्तराखंड में दसवीं की बोर्ड परीक्षा में पिथौरागढ़ जिले की प्रियांशी रावत ने 500 में से 500 नंबर प्रकार 100% अंक हासिल किए हैं। अब चर्चा इस बात को लेकर है कि प्रियांशी जैसी होनहार छात्र ने अपनी परीक्षा एक डमी स्कूल से दी है। यानी जिस स्कूल से उन्होंने दसवीं की पढ़ाई की है उसकी दसवीं तक मान्यता ही नहीं है। उधर जेबीएस जीआईसी गंगोलीहाट एक अशासकीय विद्यालय है। अब शिक्षा विभाग सामने आ रही इन जानकारियों की जांच कराने की तैयारी कर रहा है। इस मामले को लेकर ईटीवी भारत ने शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी से बात की। जिसमें उन्होंने मामले में जांच किए जाने की पुष्टि की है। शिक्षा महानिदेशक ने कहा जिस विद्यालय से परीक्षा देने को लेकर उनका फॉर्म भरा गया है वह इंटरमीडिएट कक्षा तक मान्यता प्राप्त है। उनके द्वारा जिस स्कूल में पढ़ाई की गई है वह एक डमी स्कूल है। बताया गया कि यह स्कूल छात्रा के घर के पास है। जिसके कारण छात्रा इस स्कूल में पढ़ाई कर रही थी।

## केजरीवाल की पार्टी ने कांग्रेस को भी भ्रष्टाचार में छोड़ा पीछे : धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शुक्रवार को दक्षिणी दिल्ली से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के पक्ष में आयोजित जनसभा में आम आदमी पार्टी पर करारा निशाना साधा। कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली के लाडो सराई में बिधूड़ी के नामांकन के दौरान आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री धामी ने जनता का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद एवं प्यार से निश्चित ही दक्षिणी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी संसद में पहुंचातक मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देंगे। लोगों के उत्साह और उमंग देखकर लगता है दिल्ली वाकई दिल वालों की है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटें जीतकर दिल्लीवासी इतिहास दोहराने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वो भगवान बदरी केदार, आदि कैलाश, गंगा– यमुना के उद्गमस्थल की धरती से आप सभी के बीच बिधूड़ी को विजय बनाने का आग्रह करने आए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। देश में सीएए कानून लागू कर दिया गया है। कश्मीर से धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक को बैन कर दिया गया है। इसके साथ ही लंबे समय बाद भगवान श्री राम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आंतरिक तौर पर मजबूत और विश्वस्तर पर शक्तिशाली भारत के रूप में आगे बढ़ा है। वही, दूसरी ओर विपक्ष का गठबंधन अपने अस्तित्व, परिवार को बचाने, भ्रष्टाचार छुपाने, देश में तुष्टिकरण बढ़ाने का ठगबंधन है। केजरीवाल सरकार के कई मंत्री जेल में: धामी ने कहा केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की वजह से दिल्ली अस्त– व्यस्त हो गया है। शासन में अनेक काम ठप पड़ गए हैं, नैतिकता की दुहाई देकर सत्ता में आने वाले लोग अब जेल में हैं पर फिर भी इस्तीफा नहीं दे रहे हैं।

### निदेशक ऑपरेशन को सौंपा चार धाम यात्रा के नोडल अफसर का जिम्मा

देहरादून। चार धाम यात्रा में बिजली के पुख्ता इंतजाम को लेकर एमडी यूपीसीएल ने नोडल अफसर का जिम्मा निदेशक ऑपरेशन मदन राम आर्य को दिया है। उन पर चारों धामों समेत यात्रा रूट पर 24 घंटे बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का जिम्मा रहेगा। उत्तराखंड में 10 मई से चार धाम यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा में बिजली व्यवस्था सुचारू बनी रहे और कहीं किसी फॉल्ट के कारण सप्लाई बाधित न हो। बारिश, आपदा की स्थिति में सप्लाई न गड़बड़ाए, इसके लिए निदेशक ऑपरेशन मदनराम आर्य के पुराने अनुभव को देखते हुए उन्हें नोडल अफसर बनाया गया है। आर्य अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता रहते हुए भी चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े रहे। खासतौर पर केदारनाथ, बदरीनाथ धामों में पिछले लंबे समय से बिजली सप्लाई सिस्टम को देख रहे हैं।

## झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग में झोंकने वालों को सजा देने के लिए जनता हमें आशीर्वाद दे — पीएम मोदी



चाईबासा , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चाईबासा में चुनावी महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग में झोंकने वालों को सजा जरूर मिलनी चाहिए। यह काम हम करेंगे और इसके लिए हमें झारखंड की जनता के आशीर्वाद की जरूरत है। पीएम मोदी ने लोगों से सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा और खूंटी सीट पर अर्जुन मुंडा की जीत के लिए वोट मांगे। पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस धर्म के आधार पर इनका आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन, हम ऐसा नहीं होने देंगे। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने रातों–रात फतवा जारी कर मुसलमानों को ओबीसी बना दिया और इस तरह असली ओबीसी के आरक्षण पर डाका डाल दिया।



## संपादकीय

# नशे पर लगाम कसना मुश्किल

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए थे जिसके तहत न केवल अवैध धन की आवाजाही बल्कि नशे को रोकने के लिए भी खास व्यवस्था बनाकर कार्य किया जा रहा था। हालांकि पूरे चुनाव के दौरान न केवल अवैध शराब का कारोबार चलता रहा बल्कि नशे के सौदागर भी प्रदेश भर में अपनी हरकतों से पुलिस को दौड़ाते रहे। पिछले कुछ दिनों में उत्तराखंड एसटीएफ तथा देहरादून जनपद पुलिस समेत उत्तरकाशी एवं नैनीताल पुलिस ने भी कई ड्रग तस्करों को पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचाया, हालांकि इन लोगों के पकड़े जाने के बावजूद भी नशे की तस्करी में लगाम लग पाई हो ऐसा भी कभी नजर नहीं आया। चौंकाने वाली बात तो यह है कि एसटीएफ द्वारा कुछ ऐसे भी मामले पकड़े गए जिनमें न केवल भारी मात्रा में मादक पदार्थ पकड़े गए बल्कि उनकी कीमत भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई लाख रुपए में आंकी गई। एक सवाल यहां खड़ा होता है कि आखिर उत्तराखंड और खास तौर से देहरादून में एक नशे की तस्करी का कारोबार क्यों बढ़ने लगा है? प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद नशा मुक्त उत्तराखंड मिशन को लेकर गंभीर हैं जिसके लिए न केवल नारकोटिक्स विभाग बल्कि उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक को भी नशा रोकने को लेकर खड़े निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस की अलग–अलग टीमों द्वारा कई बड़ी खेप पकड़ी गई लेकिन नशे का कारोबार आज भी बदस्तूर चल रहा है, जिसका एक बड़ा सॉफ्ट टारगेट प्रदेश के शैक्षिक संस्थान है। शायद राजधानी देहरादून में तस्करी की बड़ी सप्लाई का एक कारण यह भी है कि यहां राज्य बनने के बाद कुकुरमुत्तों की तरह शैक्षिक संस्थानों में बाहरी छात्रों की संख्या में बेहद बढ़ोतरी देखी गई और कहीं ना कहीं इनमें कई छात्रों में नशे की प्रवृत्ति भी देखने को मिली है। उत्तराखंड में नशे के तौर पर शराब जरूर सर चढ़कर बोलता आई है लेकिन इंजेक्शन, टैबलेट, पाउडर और दूसरे रूप में लिया जाने वाला नशा राज्य बनने के बाद ही बहुतायत में देखने को मिला है। एक लंबे समय से राज्य पुलिस भी यह जानती आई है कि उत्तराखंड में अधिकांश तौर पर नशे के सामग्री की आपूर्ति बरेली से की जाती है लेकिन इधर पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश के दूसरे जनपदों से भी शराब और नशे के तस्कर उत्तराखंड को नशे की कारोबार के लिए मुफीद जगह मानने लगे हैं। नशे के कारोबार पर पूर्ण रूप से लगाम कसने संभव नहीं है लेकिन यह जरूर संभव है कि उत्तराखंड पुलिस द्वारा नशे को रोकने के लिए बनाई गई पुलिस टीमें तस्करों के सरगनाओ तक पहुंचाने की कोशिश करें ताकि चोट ऐसी जगह की जाए जहां से उसका असर दिखाई दे। अन्यथा छोटे–मोटे तस्करों को पकड़कर यह कारोबार थम जाएगा इस भ्रम से सुरक्षा एजेंसी को बाहर निकलना ही होगा।

# पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार का खतरा

**सुभाष कुमार**

**पिछले पखवाड़े में ईरान–इजरायल के बीच लड़ाई से तीसरा मोर्चा और खुल गया। हालांकि इस मोर्चे के फिलहाल शांत होने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन ईरान समर्थित हिजबुल्लाह विद्रोही संगठन की ओर से इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में पैंतीस रॉकेटों के जरिए बोले गए ताजा हमले के क्या मायने हैं? ऐसे में पश्चिमी एशिया में छिड़े छद्म युद्ध के फिर व्यापक रूप लेने की आशंकाएं ऐसे छिपी हुई हैं मानो राख के ढेर में छिपी आंच। युद्ध पीड़ित गाजा में भुखमरी बढ़ रही है। चिकित्सा सुविधाएं ना के बराबर। पर्याप्त मानवीय सहायता भी प्रभावितों तक नहीं पहुंच पा रही। ऐसे में पहले से ही जलवायु संकट से उपजे हालात और खाद्यान्न आपूर्ति से जूझते विश्व को भीषण ऊर्जा संकट और महंगाई के दौर से गुजरने के लिए विवश होना पड़ सकता है। इजरायल–ईरान के बीच आरंभिक जंगी पहल से ही तेल के दाम 90 अमेरिकी डॉलर तक जा पहुंचे।**



कोरोना महामारी के दंश से दुनिया पूरी तरह से अब तक उबर भी नहीं पाई है। उस पर पिछले ढाई साल की अवधि में ही एक के बाद एक छिड़े तीन–तीन युद्धों के दौर से उसे जूझने को मजबूर होना पड़ रहा है। दो साल से अधिक समय से जारी रूस–यूक्रेन युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।

पिछले छह माह से इजरायल–हमास के बीच जारी संघर्ष भी रूक नहीं पाया। अचानक पिछले पखवाड़े में ईरान–इजरायल के बीच लड़ाई से तीसरा मोर्चा और खुल गया। हालांकि इस मोर्चे के फिलहाल शांत होने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन ईरान समर्थित हिजबुल्लाह विद्रोही संगठन की ओर से इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में पैंतीस रॉकेटों के जरिए बोले गए ताजा हमले के क्या मायने हैं? ऐसे में पश्चिमी एशिया में छिड़े छद्म युद्ध के फिर व्यापक रूप लेने की आशंकाएं ऐसे छिपी हुई हैं मानो राख के ढेर में छिपी आंच। युद्ध पीड़ित गाजा में भुखमरी बढ़ रही है। चिकित्सा सुविधाएं ना के बराबर।

पर्याप्त मानवीय सहायता भी प्रभावितों तक नहीं पहुंच पा रही। ऐसे में पहले से ही जलवायु संकट से उपजे हालात और खाद्यान्न आपूर्ति से जूझते विश्व को भीषण ऊर्जा संकट और महंगाई के दौर से गुजरने के लिए विवश होना पड़ सकता है। इजरायल–ईरान के बीच आरंभिक जंगी पहल से ही तेल के दाम 90 अमेरिकी डॉलर तक जा पहुंचे।

भविष्य में तेल के दामों की उछाल कहां तक पहुंच सकती है, अनुमान लगाया जा सकता है। युद्ध ने यदि अधिक विस्तार लिया तो ईरान होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग को रोक देगा। इस मार्ग के जरिए भारत सहित अन्य देशों को रोजाना सऊदी अरब से 63 लाख बैरल, यूएई, कुवैत, कतर और इराक से 33 लाख गैलन, ईरान से 13 लाख गैलन कच्चे तेल का निर्यात होता है। विश्व की बीस फीसदी एलएनजी का व्यापार होता है। बता दें कि ईरान–इजरायल के बीच तनावपूर्ण स्थिति तब बनी जब एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ था, जिसमें उसके कई बड़े सैन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इसका सीधा आरोप इजरायल पर लगा दिया था। वहीं इसके नेताओं ने इसके बदले इजरायल का धरती से वजूद मिटाने की कसमें तक खाईं। दो हफ्ते बीतने से पहले ही उसने इजरायल पर तीन सौ मिसाइलों के जरिए हमला बोल दिया। इस पर इजरायल ने दावा किया कि उसने ज्यादातर मिसाइलें अपने मजबूत एअर डिफेंस के जरिए नष्ट कर दीं। हालांकि मिसाइलों को नष्ट करने के बारे में अमेरिका का भी यह दावा है कि उसने इस बड़े हमले को ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर नाकाम कर दिया था। लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि पिछले कुछ दशकों के बाद ईरान ने पहली बार इजरायल पर हमला बोलकर चुनौती दी है।

इसके जवाब में इजरायल ने बमवर्षक ड्रोन और मिसाइलों के जरिए ईरान के बड़े सैन्य ठिकाने वाले शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में यह माना जाता है कि ईरान यहीं अपने परमाणु बम बनाने का काम कर रहा है। हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाजें सुनाई देने की बात कही गई है। हालाकि बहुत सालों पहले इजरायल इस शहर में अपने हमले बोल चुका है। ईरान ने अपना ताजा बयान जारी कर बताया है कि अब उसका इजरायल से बदला लेने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन इस बयान के बावजूद युद्ध के विस्तार की संभावनाएं तो अपने स्थान पर बनी हुई हैं। यह सर्वविदित है कि हमास और हिजबुल्लाह जैसे विद्रोही सैन्य बलों को ईरान से हर तरह की वित्तीय और सैन्य मदद मिलती आ रही है। इन्हीं के माध्यम से वह इजरायल के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ता आ रहा है। लेकिन गत 7 अक्टूबर को हमास की ओर से हुए अप्रत्याशित हमले में करीब बारह सौ इजरायली मारे गए थे और सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा को घेरकर हमास के खिलाफ जोरदार हमला बोल दिया था। जो आज तक जारी है। ईरान के हमले के पीछे एक प्रमुख वजह भी मानी जा रही है कि इजरायली सुरक्षा बलों ने हमास के एक बड़े कमांडर इस्माइल के तीन बेटों को मार गिराया था। ईरान के हमले के तुरंत बाद इजरायल ने गाजा में हमले और बढ़ा दिए हैं। रविवार को उसने रफाह शहर में जोरदार हमला बोला।

इजरायल–हमास संघर्ष में अब तक बत्तीस हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब बहत्तर हजार घायल हुए। अस्सी फीसदी आबादी को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दोनों देशों के बीच नई जंग छिड़ने के बाद इजरायल की यह रणनीति सफल रही कि उसने 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के पीछे ईरान को सामने पाया। तो दूसरी ओर इजरायल पर हुए हमले में ईरानी मिसाइल कार्यक्रम की कमजोरी भी उजागर हुई।

# हम भूल रहे हैं और विदेशी अपना रहे हैं हमारी संस्कृति

**मालिनी तिवारी**

**प्राचीन भारत की जिन बातों का वैज्ञानिक अर्थ समझकर विदेशी लोग उन्हें महत्व दे रहे हैं और उनका सम्मान कर रहे हैं, वे सभी चीजें हमारे पूर्वजों के जीवन में घुली–मिली थीं। हम सभी को उन्हें अपने जीवन में अपनाने की शिक्षा भी मिली थी, लेकिन हमने उन्हें अपने पूर्वजों का पिछड़ापन समझ कर महत्व ही नहीं दिया और उनका तिरस्कार करते रहे।**

हम अपने देश की संस्कृति को धीरे–धीरे भूलते जा रहे हैं और विदेशी संस्कृति को अपना रहे हैं, लेकिन अब हमारे देश की संस्कृति विदेशों में भी प्रचलित हो रही है। हम अपनी प्राचीन संस्कृति में छुपे हुए वैज्ञानिक तथ्यों को समझने में असमर्थ रहे हैं, लेकिन अब विदेशों में बड़े–बड़े वैज्ञानिक उन पर शोध कर रहे हैं और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्राचीन भारत की जिन बातों का वैज्ञानिक अर्थ समझकर विदेशी लोग उन्हें महत्व दे रहे हैं और उनका सम्मान कर रहे हैं, वे सभी चीजें हमारे पूर्वजों के जीवन में घुली–मिली थीं। हम सभी को उन्हें अपने जीवन में अपनाने की शिक्षा भी मिली थी, लेकिन हमने उन्हें अपने पूर्वजों का पिछड़ापन समझ कर महत्व ही नहीं दिया और उनका तिरस्कार करते रहे। लेकिन अब वैज्ञानिक शोधों से पता चल रहा है कि प्राचीन भारत के लोगों की उन आदतों और परंपराओं का कितना अधिक महत्व है और क्यों भारत के लोग उन्हें अपने जीवन और आचरण में शामिल किए थे। दरअसल हाथ से खाना खाने की परंपरा मानव सभ्यता की शुरुआत से ही चली आ रही है। प्राचीन काल में लोग चम्मच और कांटे जैसी कटलरी का इस्तेमाल नहीं करते थे। वे अपने हाथों से भोजन को उठाकर खाते थे। भारत में सदियों से हाथ से खाना खाने की परंपरा रही है। भारत के अलावा इथियोपिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड और कई अन्य देशों में भी लोग हाथों से खाना खाते रहे हैं। यह सिर्फ खाने का तरीका नहीं है, बल्कि भोजन के प्रति सम्मान और संस्कृति का प्रतीक भी है। कुछ धर्मों में हाथों से खाना खाने को धार्मिक महत्व दिया जाता है। हिंदू धर्म में भोजन को भगवान का प्रसाद माना जाता है, इसलिए भगवान का सम्मान करने के लिए हाथों से खाना खाया जाता है। हाथों से खाना खाना कई संस्कृतियों में सामाजिक बंधन और एकजुटता का प्रतीक भी माना जाता है। अब यह परंपरा पश्चिमी देशों में भी शुरू हो रही है।दरअसल हाथों से खाना खाने के कई फायदे हैं। खाना खाने का यह तरीका भोजन के स्वाद को तो बढ़ाता ही है, साथ ही पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है और तनाव कम करने में भी यह काफी मददगार होता है। हाथ से खाना खाने के इन्हीं फायदों को देखते हुए विदेशों में खाना खाने के तरीके में बदलाव हो रहा है। पहले विदेशों में हाथ से खाना खाने को अशिष्टता व स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद माना जाता था। पश्चिमी देशों की देखा–देखी भारतीयों ने भी अपनी प्राचीन परंपराओं को छोड़कर हाथ से खाना बंद कर दिया और भारतीय भी अब खाना खाने के लिए अधिकांश रूप से चम्मच व कांटे का ही उपयोग करते हैं। रेस्टोरेंट में तो लोग हाथ से खाने की सोच भी नहीं सकते, क्योंकि उन्हें डर रहता है कि ऐसा करने पर उन्हें पिछड़ा हुआ समझा जाएगा। लेकिन अब लोगों की सोच बदल रही है। विदेशों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने और अपनाने की कोशिश की जा रही है। अब अमेरिका में हाथ से खाना खाने का चलन बढ़ता जा रहा है। न्यूयॉर्क के कई रेस्टोरेंट में फिंगर–फूड मेनू उपलब्ध हैं। फिंगर फूड का मतलब ऐसा भोजन होता है, जिसे खाने के लिए उंगलियों से पकड़ना पड़ता है। इन रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए चम्मच और कांटे नहीं दिए जाते, बल्कि लोगों को हाथों से खाना खाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

हाथों से खाना खाने के अनेकों लाभ हैं, जैसे पाचन तंत्र में सुधार, मोटापे से बचाव, रक्त संचार में सुधार, एकाग्रता में वृद्धि आदि। दरअसल हाथों से खाना खाने से भोजन को अच्छी तरह से चबाने में मदद मिलती है, जिससे पाचन तंत्र पर बोझ कम होता है। हाथों की गर्मी से भोजन को पचाने में सहायक एंजाइमों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिससे खाना आसानी से हजम हो जाता है। दरअसल हमारे हाथों में नॉर्मल फ्लोरल नामक बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो भोजन को पचाने में मदद करते हैं। हाथों से खाना खाने से धीरे–धीरे खाने की आदत लगती है, जिससे लोग कम खाते हैं और मोटापे का खतरा कम होता है। जब लोग चम्मच या कांटा इस्तेमाल करते हैं, तो वे जल्दी खाते हैं और अधिक भोजन का सेवन करते हैं। हाथों से खाना खाने से हाथों की मांसपेशियों का व्यायाम होता है, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है। हाथों से खाना खाने से मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बढ़ता है, जिससे एकाग्रता और याददाश्त में सुधार होता है। इस तरीके से भोजन करने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और खाने का स्वाद भी अधिक बढ़ जाता है। इसके अलावा इसके कई मनोवैज्ञानिक लाभ भी हैं। दरअसल हाथों से खाना खाने से तनाव और चिंता कम करने में मदद मिलती है।

## चुनौतियों भरी राह पर नई शिक्षा नीति

**प्रो0 एमपी सिंह**

नई शिक्षा नीति (एनईपी)–2020 क्रियान्वयन के चौथे बरस के सफर पर तेजी से अग्रसर है। यह किसी बड़े सपने के साकार होने के मानिंद है। हालांकि, नई शिक्षा नीति की राह अभी चुनौतियों से भरी नजर आती है। इन चुनौतियों से पार पाने को मंथन की दरकार है। बारहवीं के बाद किसी विद्यार्थी के महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रवेश करने के बाद वहां से बाहर निकलने की राह को सुगम किया गया है। कम समय में योग्यता की कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही पाठ्यक्रम की अवधि को अप्रत्याशित रूप से परिवर्तित किया गया है। यह निश्चित तौर पर अभूतपूर्व कदम है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि यदि किसी विद्यार्थी ने प्रथम वर्ष किसी अमुक विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया है, लेकिन यदि प्रथम वर्ष के बाद विद्यार्थी वह संबंधित संस्थान को छोड़ देता है, तो उस संस्थान पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस बात को इस तरह भी समझ सकते हैं कि नई शिक्षा नीति में प्रदत्त प्रावधान के तहत यदि किसी विश्वविद्यालय में 100 विद्यार्थियों की क्षमता है, लेकिन प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के बाद ही यदि 30 से 40 फीसदी विद्यार्थी संबंधित संस्थान को छोड़ देते हैं, तो ऐसी स्थिति में संस्थान के सामने द्वितीय वर्ष में अपने संसाधनों के प्रबंधन की चुनौती होगी। शिक्षकों से लेकर शैक्षणिक कर्मचारियों एवं संस्थान की अन्यान्य व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव होगा। अकादमिक स्तर भी प्रभावित होगा। संस्थानों की इस चुनौती के समाधान को मंथन आवश्यक है। धरातल स्तर पर कार्य किए जाने की दरकार है। हमें इस तरह से कार्य योजना बनाने की आवश्यकता होगी। इससे इन संस्थानों में शिक्षकों की संख्या से लेकर दीगर इंस्टीट्यूट्स के बीच संतुलन व्यवस्थित किया जा सके।चुनौती के समाधान के क्रम में पहला है कि पाठ्यक्रम के बीच में संस्थान छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या को सीमित या निर्धारित किया जाए। द्वितीय शुल्क निर्धारण करते समय शुल्क को घटते क्रम में रखे, जिससे संस्थान/पाठ्यक्रम को बीच मे छोड़ने की प्रवृत्ति को घटाया जा सके। अंततः इसके फलस्वरूप सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक वर्तमान 27 प्रतिशत से बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य 50 प्रतिशत तक किया जा सके। इसके क्रियान्वयन के बाद भविष्य की चुनौतियों पर अभी से कार्य योजना बनाकर समाधान की राह तलाशनी है। दूसरे क्रम में अब नई शिक्षा नीति–2020 में प्रदत्त प्रावधान के तहत क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षण कार्य करने पर पुरजोर वकालत की गई है। यह पूरी तरह सबके अनुकूल है। निज भाषा में निश्चित तौर पर विद्यार्थी विषय को बेहतर समझ सकता है। लेकिन दूसरे पक्ष पर गौर करें तो क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा में विद्यार्थियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करने का अंदेशा है। देश के साथ ही विदेश में भविष्य को आकार देने की मंशा रखने वाले स्टुडेंट्स के सामने भाषा की चुनौती अवरोध बन सकती है।

# बॉक्स ऑफिस पर 20वें दिन दैनिक कमाई में बड़े मियां छोटे मियां से आगे निकली मैदान




अजय देवगन की मैदान और अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 20 दिन हो चुके है. दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले काफी बज था हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद ना मैदान को और ना ही बड़े मियां छोटे मियां को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स मिला. फिलहाल ये फिल्में काफी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं.

चलिए यहां जानते हैं मैदान और बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के 20वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

एक्शन के तडक़े से सजी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के ट्रेलर ने इस फिल्म को लेकर फैंस की काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. वहीं फिल्म की स्टार कास्ट ने भी ह्यबड़े मियां छोटे मियांह्न का जमकर प्रमोशन किया था. जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार कारोबार करेगी. रिलीज के बाद इसे क्रिटिक्स और दर्शकों से मिला–जुला रिव्यू मिला. हालांकि ह्यबड़े मियां छोटे मियांह्न ने ओपनिंग वीकेंड तक ठीक–ठाक कमाई की लेकिन फिर इसके कलेक्शन का ग्राफ गिरता चला गया और ये अभी तक बरकरार है.

फिल्म के कारोबार की बात करें तो बड़े मियां छोटे मियां का पहले हफ्ते का कलेक्शन 49.9 करोड़ और दूसरे हफ्ते की कमाई 8.6 करोड़ रही. वहीं तीसरे हफ्ते के थर्ड मंडे फिल्म ने 40 लाख की कमाई. अब फिल्म की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के 20वें दिन 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ बड़े मियां छोटे मियां का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 61.60 करोड़ रुपये हो गया है.अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा देश के पॉपुलर फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है. उन्होंने फुटबॉल के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. इस फिल्म की इंस्पायरिंग कहानी और अजय देवगन की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है.

## वेस्टइंडीज में हुई हेटमायर की वापसी, टी20 वर्ल्ड कप टीम का हुआ एलान

नई दिल्ली। आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए 10 देशों ने अपनी–अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। शुक्रवार, 3 मई को वेस्टइंडीज ने अपनी टीम का एला किया। शिमरन हेटमायर की टीम में वापसी हुई है।30 अप्रैल को भारत ने अपनी टीम का एलान किया था। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में 1 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम रोहित शर्मा के नेतृत्व में खेलेगी। तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के हाथ में हैं, जबकि स्पिनर के रूप में अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को सेलेक्ट किया गया है।भारत के अलावा इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी–अपनी टीम घोषित कर दी है। ळ20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

# आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक



लखनऊ । लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है। एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है। कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक बार फिर उसी जगह पर दर्द है। उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं थे, लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग–11 में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे। एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 3.1 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट के आंकड़े पर चोट के कारण उन्होंने मैदान छोड़ दिया। एलएसजी टूर्नामेंट का अपना आखिरी लीग मैच 17 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा।

# साउथ एक्ट्रेस टैग के चलते बॉलीवुड में काम मिलने में आ रही परेशानियां : सीरत कपूर



एक्ट्रेस सीरत कपूर का कहना है कि साउथ एक्ट्रेस के रूप में पहचाने जाने के चलते हिंदी सिनेमा में प्रोजेक्ट के ऑफर्स मिलने में परेशानियां हुई है।

31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा में खुद को स्थापित करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में बात की।

रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रॉकस्टार में असिस्टेंट कोरियोग्राफर के रूप में सिनेमा में अपनी जर्नी शुरू करने वाली सीरत ने कहा, कई लोग मुझे साउथ एक्ट्रेस के रूप में जानते हैं और मुझे लगता है कि कभी–कभी यह बॉलीवुड में ऑफर्स मिलने के बीच रूकावटें पैदा करता है।

दर्शकों के लिए यह सोचना आसान है कि अगर आप साउथ इंडियन इंडस्ट्री में अच्छा कर रहे हैं तो आपको बॉलीवुड में आसानी से काम मिल सकता है। हालांकि, असल बात यह है कि बॉलीवुड में लीड रोल के लिए कोई भी प्रोजेक्ट पाने की प्रक्रिया बहुत चुनौतीपूर्ण है।

सीरत और भी बॉलीवुड फिल्में करने की इच्छुक हैं।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अपने लाइफटाइम में कम से कम एक बार बॉलीवुड एक्टर्स के साथ काम करूंगी।उन्होंने कहा कि तेलुगु सिनेमा से मेरा नाता हमेशा रहेगा।उन्होंने कहा, टॉलीवुड ने मुझे वह सब कुछ दिया है जो आज मेरे पास है और मैं इसे पीछे नहीं छोडऩा चाहती।

## क्राउन ऑफ ब्लड का किया एलान, जल्द ही आएगा फिल्म का ट्रेलर

बाहुबली, आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक डायरेक्टर एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उनके इस इंतजार पर ब्रेक लगाते हुए डायरेक्टर ने बीते मंगलवार को अपनी आगामी प्रोजेक्ट बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है. फिल्म मेकर महिष्मती की दुनिया में एक और महाकाव्य यात्रा के लिए मंच तैयार कर रहा है. उन्होंने से सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है.एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है.

# टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे राशिद खान



काबुल, टी20 विश्व कप में पूरा एक महीना बचा है. सभी टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही हैं. अब 2 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी अपनी 15 सदस्यी टीम का ऐलान कर दिया है. इस टीम के अनाउसमेंट की सबसे खास बात उसके कप्तान है. एसीबी ने अनुभवी स्पिनर राशिद खान को टीम का कप्तान बनाया गया है. पहली बार स्पिनर राशिद खान टीम की कमान संभालेते हुए नजर आएंगे.


अफगानिस्तान ने अपने स्क्वाड में विकेटकीपर के तौर पर रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इश्हाक को जगह दी है. इसके अलावा बल्लेबाजी में गुलबदीन नाइब, करीम जन्नत और नांग्याल खरोती और अजमतुल्लाह उमरजई को टीम में जगह दी है. गुलबदीन नाइब ने भारत के खिलाफ जनवरी में खेली गई टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था. इसके अलावा आलराउंडर डिपार्टमेंट की कमान मोहम्मद नबी, राशिद खान निभाएंगे.

अफगानिस्तान ने तेज गेंदबाजी क्रम में नवीन उल हक, फजल हक फारुकी, मुजीबुर्रहमान, फरीद अहमद मलिक को रखा है. स्पिन विभाग नूर अहमद, मोहम्मद नबी और खुद राशिद खान संभालते हुए नजर आएंगे. ऐसे में अफगानिस्तान काफी मजबूत टीम नजर आ रही है. अफगानिस्तान ने तीन रिजर्व खिलाड़ियों के नाम दिए हैं जिसमें हजरतुल्लाह जजई, सादिक अटल और सलीम सैफी को जगह मिली है.

अफगानिस्तान ने जिस स्क्वाड की घोषणा की है उसमें से 5 खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं. राशिद खान और नूर अहमद गुजरात टाइटंस की तरफ से वहीं मोहम्मद नबी मुंबई इंडियंस का हिस्सा है इसके अवावा नवीन उल हक लखनऊ सुपरजायंट्स का हिस्सा है.

# गदेरे में धधका कूड़े का ढेर, चारो ओर फैला जहरीला धुंआ

● देवी रोड में पुलिया के नीचे आए दिन धधक रहा कूड़े का ढेर ● शिकायत के बाद भी नगर निगम कूड़ा डालने वालों पर नहीं दे रहा ध्यान



कोटद्वार के देवी रोड में पनियाली गदेरे पर जल रहे कूड़े से उठता धुंआ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नजीबाबाद चौराहे से पांच सौ मीटर आगे पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे को कई लोगों ने कूड़ा डंपिंग जोन बना दिया है। नतीजा आए दिन गदेरे में पड़े कूड़े के ढेर पर आग लग रही है। शुक्रवार को भी कूड़ा जलने से चारो ओर जहरीला धुंआ फैला हुआ था। ऐसे में आसपास के लोगों को संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना हुआ है।

घाड़ से होते हुए शहर के बीच से गुजरने वाले पनियाली गदेरे को कई लोगों ने कूड़ा डंपिंग जोन बना दिया है। नतीजा, आमजन की यह लापरवाही गर्मी के मौसम में भारी पड़ रही है। हालत यह है कि नजीबाबाद चौराहे से करीब पांच सौ मीटर दूर देवी रोड पर पड़ने वाली पुलिया के नीचे दो दिन से कूड़े का ढेर धधक रहा है। शुक्रवार सुबह आग की लपटे इतनी भयंकर थी कि वह गदेरे से पुल तक पहुंच रहे थे। देखते ही देखते चारों ओर भयंकर जहरीला धुंआ फैलने लगा। ऐसे में कई व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने पड़े। साथ ही मार्ग से गुजरने वाले राहगिरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। देवी रोड निवासी सुनीता देवी, मुन्नी देवी ने बताया कि कई लोग अपने घर व प्रतिष्ठानों का कूड़ा गदेरे में डाल देते हैं। जिससे गर्मी के मौसम में कूड़ा लगातार धधक रहा है। इस तरह गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई बार निगम को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, निगम लापरवाह बना हुआ है।

## विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एकेश्वर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार बेरोजगारी व महंगाई से जूझ रही जनता का शोषण कर रही है।

शुक्रवार को नौगांवखाल स्थित एक बरात घर में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश की जनता परेशान है।

एक ओर जहां बेरोजगारी व महंगाई ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है, वहीं अब प्रदेश में विद्युत दरें भी बढ़ा दी गई हैं। कहा कि जनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि विद्युत दरों को वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस आंदोलन को मजबूर होगी। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख जसपाल सिंह रावत, कल्याण सिंह रावत, कैलाश रावत, प्रताप सिंह बिष्ट, सुदीप कोहली, नरेंद्र कनपुडिया आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में राहगिरों की प्यास बुझाएगा निगम, लगेंगे वाटर कूलर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गर्मी के मौसम में राहगिरों व यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने के लिए नगर निगम शहर के पांच स्थानों पर वाटर कूलर लगाएगा। इसके लिए नगर निगम ने तैयारियां भी प्रारंभ कर दी है। वाटर कूलर में पानी का कनेक्शन पहुंचाने के लिए जल संस्थान को पत्र भेजा गया है।

कोटद्वार को गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। यहां से प्रतिदिन चारधाम यात्री, पर्यटक, व्यवसायी व स्थानीय यात्री आवाजाही करते हैं मगर कोटद्वार के सार्वजनिक स्थानों पर उन्हें पानी के लिए जूझना पड़ता है।

मगर अब नगर निगम कोटद्वार प्रशासन शहर से आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए पांच स्थानों पर वाटर कूलर लगाने जा रहा है। नगर आयुक्त नगर निगम कोटद्वार वैभव गुप्ता ने बताया कि बस स्टेशन, लालबत्ती, देवी मंदिर, दुर्गापुरी व बेस अस्पताल कोटद्वार के सामने वाटर कूलर लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। प्रत्येक वाटर कूलर की क्षमता 25 लीटर है। इस पर करीब छह लाख रुपये खर्च होंगे। पानी का कनेक्शन लगाने के लिए जल संस्थान को पत्र भेज दिया है। आगामी दो सप्ताह में वाटर कूलर का संचालन शुरू हो जाएगा।

## कण्वाश्रम के बेहतर विकास का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** क्षेत्रीय युवाओं ने कण्वाश्रम के बेहतर विकास का संकल्प लिया है। इसके तहत 12 मई को कण्वाश्रम में युवाओं का एक विशेष सम्मेलन करने का भी निर्णय लिया गया है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल ने कहा कि मालिनी नदी के तट पर स्थित कण्वाश्रम का वर्णन ऋग्वेद से लेकर अनेक पुराणों, महाभारत, रामायण और महाकवि कालिदास की रचनाओं में मिलता है। स्कंद पुराण के 57वें अध्याय में भी कण्वाश्रम का जिक्र है। कण्वाश्रम एक समय में आध्यात्म और ज्ञान-विज्ञान का केंद्र था, जिसमें संपूर्ण विश्व के दस सहस्त्र विद्यार्थी कुलपति कण्व से शिक्षा ग्रहण करते थे। कण्वाश्रम महर्षि विश्वामित्र, दुर्वासा की तप स्थली के साथ ही शकुंतला व राजा दुष्यंत की प्रणय स्थली भी रहा है। लेकिन, दुर्भाग्य यह है कि आज तक इस स्थान का विकास नहीं हो पाया है। बताया कि पूर्व में युवाओं ने कण्वाश्रम से महाबगढ़ तक ट्रेक भी किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। इन युवाओं ने कण्वाश्रम को विश्व पटल पर पहुंचाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए कण्वाश्रम में एक भव्य मेले का भी आयोजन करवाया जाएगा।

## महाविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल पर आगामी 31 मई तक पंजीकरण कर सकते हैं। कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में 1765 सीटें हैं। मेरिट में स्थान पाने वाले चयनित छात्र-छात्राओं की 1 से 20 जून के बीच काउंसलिंग होगी। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने बताया कि प्रवेश समिति को प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी समस्त तैयारियों को अंतिम रूप देने को लेकर निर्देश दे दिए हैं।

## एक नजर

### छात्रों ने ओडीसी नृत्य के गुर सीखें

रुद्रप्रयाग : स्पिक मैके की ओर से केन्द्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि में शुक्रवार को छात्रों को भरत नाट्यम और ओडीसी नृत्य की बारीकियां सिखाई गईं। दिल्ली की कलाकार राधिका और बंगाल की कलाकार श्रीराधा द्वारा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर छात्रों को नृत्य की विधा सिखाई गई। स्पिक मैके के जिला समन्वयक अभिषेक अग्रवाल और नोडल अधिकारी मनोज थापा ने बताया कि पूरे जनपद के विभिन्न विद्यालयों में छात्रों को सांस्कृतिक आदान प्रदान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी परमेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में राष्ट्रीय धरोहर और सांस्कृतिक आदान प्रदान की गतिविधियों की जानकारी दिए जाने का प्रावधान है। केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्या अदिति नेगी ने बताया कि कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं ने देश के अन्य प्रान्तों की संस्कृति से परिचय हुआ। जिसे छात्रों ने खूब सराहा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारियों के साथ ही स्पिक मैके के पदाधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

### राम नाम का गुणगान ही मनुष्य की नैया पार लगाएगा

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित प्राचीन हनुमान गुफा मंदिर बेलणी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। कथावाचक हरिदास महाराज ने कहा कि राम नाम का गुणगान ही मनुष्य की नैया पार लगाएगा। इसलिए सुबह शाम राम नाम का जाप जरूर करना चाहिए। कथा श्रवण के लिए नगर के दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर परिसर पहुंचे। कथा के अंतिम दिन कथावाचक हरिदास महाराज ने कहा कि श्रीराम को पुरुषों में उत्तम माना गया है। उनके जैसा बेटा व भाई आज तक नहीं हुआ है। कहा कि राम के नाम में प्रभु की शक्ति छिपी है। बस मात्र उसे पहचाने की जरूरत है। मौके पर महंत डा. उपमन्यु दास महाराज, निवर्तमान सभासद सुरेन्द्र रावत, भूपेन्द्र जगवाण, रविन्द्र सिंह, समेत बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। (एजेंसी)

### बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में शुक्रवार को भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान डिग्री कॉलेज तलवाड़ी की भौतिक विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. नीतू पांडे ने पेटेंट, ट्रेडमार्क, डिजाइन,जीआई टेक के बारे में विस्तार बताया और क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण किया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती, डॉ. मानवींरेंद्र कंडारी, डॉ. केके द्विवेदी, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ. हरीश बहुगुणा, डॉ. विजय कुमार व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (एजेंसी)

### परीक्षा के माध्यम से होंगे महाविद्यालय में प्रवेश

चमोली : राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर में इस वर्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के दाखिले होंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है, जबकि विलंब शुल्क के साथ 30 मई तक परीक्षा के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# जिला प्रशासन ने शुरू की नगर निकाय निर्वाचन की तैयारियां

## निकायों में सात दिन तक चलेगा विशेष अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला प्रशासन ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियां शुरू कर दी है। नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के प्रत्येक वार्ड की मतदाता सूची में नाम जोड़ने/अपमार्जन/संशोधन करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त निर्वाचक, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतो को निर्देशित किया कि सभी अपनी निकायों से संबंधित प्रत्येक वार्ड में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्येक वार्डों की मतदाता सूची में नाम जोड़ने/अपमार्जन/संशोधन करने हेतु 07 दिनों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें। उन्होंने कहा है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नामावली लिपिकीय या मुद्रण की किसी त्रुटि का आवेदन से या अन्यथा पता चलने उसे ठीक करा सकते हैं। नामावली में छूटे नाम सम्मिलित किये जाने हेतु यदि किसी नामावली में बहुत से निर्वाचको के नाम छूटे जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से जांच करायेगें। यदि नामावली की जांच सत्यता पाई जाती है तो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपनी जांच रिपोर्ट और संस्तुति, जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगें और यदि आयोग द्वारा ऐसा आदेश दे तो नामावली में ऐसे निर्वाचको के नाम सम्मिलित किये जायेगें।

## महिलाओं के लिए मसाला व आटा चक्की का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बेलाडाट क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए शुक्रवार को बेलाडाट चौराहा में मसाला वैल्यूचैन के अंतर्गत मसाला और आटा चक्की का शुभारंभ किया गया।चक्की का शुभारंभ करते हुए राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सरोजनी कैंत्यूरा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से विभागों के माध्यम से कई उपयोगी कार्य संचालित कराए जा रहे हैं। महिलाएं इन कार्यों की जानकारी लेकर अपना बिजनेस आरंभ कर सकती हैं। इसके लिए सभी महिलाओं को जागरूक होना होगा और समय-समय पर इस संबंध में आयोजित कार्यशालाओं में प्रतिभाग करना होगा। इस अवसर पर कण्वघाटी जायका स्वायत्त सहकारिता उतिर्छा की अध्यक्ष दीपा देवी, नीलम देवी, मनोरमा देवी, विजयलक्ष्मी देवी, शारदा देवी, सरोजनी देवी और कमला देवी सहित परियोजना के निदेशक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# शहर में हो रही पेयजल समस्या पर भड़के पूर्व सैनिक

## जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



कोटद्वार तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन देते पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में हो रही पेयजल किल्लत पर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि जल संस्थान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में पूरी तरह फेल हो गया है। यदि जल्द समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो पूर्व सैनिक आंदोलन को मजबूर होंगे।

समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन दिया। बताया कि गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। कई स्थानों पर पानी का फ्लो बहुत कम हो चुका है तो कहीं पानी की बूंद तक नहीं आ रही। ऐसे में वार्डवासियों की पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कहा कि दशकों पूर्व बिछाई गई पेयजल लाइनों को बदलने के लिए पूर्व में कई बार जल संस्थान से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में शिवराजपुर, मोटाढांग, मानपुर व जौनपुर क्षेत्र में सबसे अधिक पेयजल संकट बना हुआ है।

यदि समय पर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर अनुसुया प्रसाद सेमवाल, जसपाल सिंह, बलवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे कोटद्वार वासी

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार पर गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की अनदेखी का आरोप लगाया है। कहा कि आज कोटद्वावासी पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी तरह रहे हैं। बेस अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। वहीं, गर्मी के मौसम में पेयजल संकट ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी है। शुक्रवार को कांग्रेसियों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि सत्ता में आने से पूर्व भाजपा ने शहरवासियों से विकास के बड़े-बड़े वादें किए थे। लेकिन, सत्ता मिलते ही भाजपा अपने वादे भूल गई। हालत यह है कि वर्षाकाल में धराशायी हुए मालन पुल की अब तक मरम्मत नहीं करवाई गई है। ऐसे में कुछ माह बाद शुरू होने वाले वर्षाकाल में समस्या बढ़ सकती है। कोटद्वार बेस अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी नहीं होने से यह रेफर सेंटर बन कर रह गया। बिजली के दामों की बढ़ोत्तरी कर सरकार जनता का शोषण कर रही है। कहा कि सरकार को महंगाई की मार झेल रही जनता के हितों को लेकर योजनाएं तैयार करनी चाहिए। ज्ञापन देने वालो में कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष संजय मित्तल, प्रवीन रावत, धीरेंद्र बिष्ट, विजय रावत, महावीर सिंह रावत, सुदर्शन रावत, बृजपाल सिंह नेगी, हेमचंद पंवार, राजेंद्र असवाल, सुनील सेमवाल, कमल बिष्ट, बृजमोहन बिष्ट, बॉबी बिष्ट, राजन चार्ल्स, जितेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में अभिभावकों की अहम भूमिका

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पौड़ी में कक्षा प्रथम के लिए प्रवेश कार्यक्रम शुरू हो गया है। स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम 6 महीने तक चलेगा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर विशेष बल दिया।

शुक्रवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या अनीता बिष्ट ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए केंद्रीय विद्यालय के लक्ष्य और शिक्षण प्रणाली के विषय में अभिभावकों को जानकारी दी। बताया कि केंद्रीय विद्यालय पूरे देश में एक विश्व स्तर का पाठ्यक्रम प्रस्तुत करता हैं। कक्षा प्रथम की कक्षा अध्यापिका मोनिका जोशी ने विद्या प्रवेश कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए स्कूल के नियम, यूनिफॉर्म, शुल्क भुगतान प्रक्रिया, मूल्यांकन प्रणाली के विषय में अभिभावकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर शिक्षिका नीलम बिष्ट, नरेंद्र सिंह, आकाश कुमार नेगी, अजय ध्यानी आदि शामिल रहे।

# छात्रों ने स्थानीय उत्पादकों के फायदें बताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीजीआर परिसर के छात्र-छात्राओं की ओर से रामलीला मैदान में नुक्कड़ नाटक कर समाज में महिला हितों की अनदेखी पर कटाक्ष किया। इस दौरान मिशन मिलेट्स के तहत छात्रों ने कोदा, झंगोरा, गहत, काफल व माल्टा जैसे स्थानीय उत्पादकों के विभिन्न फायदों की जानकारियां दी।

शुक्रवार को शहर के रामलीला मैदान में पौड़ी कैंपस के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर समाज में महिला हितों की अनदेखी पर कटाक्ष किया। छात्रों ने लुघ नुक्कड़ नाटिका के जरिए बताया कि मौजूदा समय में बालक पाने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। उन्होंने मौजूदा समय में पुरुष समाज के वर्चस्व को प्रस्तुत किया।

इससे पूर्व रैली को हरी झंडी दिखाकर परिसर निदेशक प्रो. पीपी बडोनी ने कैंपस रवाना किया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने कंडोलिया रोड, एजेंसी चौक, माल रोड, बस स्टेशन, धारारोड, कलक्ट्रेट परिसर होते हुए रामलीला मैदान तक रैली निकाली।

इस मौके पर एचओडी समाजशास्त्र डा. किरन बाला, एचओडी राजनीति विज्ञान डा. मनोज कुमार, डा. ल्हामू डूकपा, डा. विपुल, डा. नवीन, डा. अनिल देवदत्त, डा.गौतम, डा. अमन आदि शामिल रहे।

# श्रीनगर में बुक डोनेशन ड्राइव की अनोखी पहल शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : साइंस एंड आर्ट्स क्लब श्रीनगर और यूथ फोरम श्रीनगर के युवाओं ने बुक डोनेशन ड्राइव की एक अनोखी पहल शुरू की है। अभियान के तहत युवा आसपास के स्कूलों के बुक बैंक के लिए पुस्तकों को इकट्ठा कर रहे हैं। जिससे असमर्थ छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए किताबें डोनेट की जायेंगी। अभियान के सदस्य साइंस एंड आर्ट्स क्लब के अध्यक्ष आशुतोष नेगी, प्रियंका खत्री और नेहा कैंतुरा ने बताया कि इस अभियान के तहत बच्चों की कक्षा 1 से 12 तक पाठ्य पुस्तकें, नवोदय, राजीव गांधी स्कूल, एकीकृत छात्रवृत्ति आदि में प्रवेश की प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, बच्चों की साहित्यिक पुस्तकें, पत्रिकाएं व अन्य शैक्षिक साहित्यिक पुस्तकें डोनेट की जा सकती हैं। गढ़वाल विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली ने कहा कि इस अभियान में गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों के अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज के छात्रों व शहर के आम लोग भी सहयोग कर रहे हैं। अभियान में अभी तक विभिन्न विषयों की 500 से अधिक पुस्तकें प्राप्त की जा चुकी हैं। कहा कि अभियान में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अशोक कांडपाल, प्रदीप अंथवाल, मीमांसा, शोध छात्र अतुल सती, तरुण नौटियाल, साइंस एंड आर्ट्स क्लब की सचिव ज्योति प्रजापति, शरण्या वर्मा, उदित कुमार, सौरभ पंवार, हिमांशी नौटियाल, शिवांक नौटियाल आदि सहयोग प्रदान कर रहे हैं। (एजेंसी)

## आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रयोगशाला, कार्यशाला और शोध सहायक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत जिले के प्रयोगशाला, कार्यशाला और शोध सहायकों को दो माह से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय न मिलने से कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे है। कर्मचारियों का कहना है कि मानदेय न मिलने से परिवार के भरण पोषण में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रयोगशाला कार्यशाला सहायक संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही मानदेय देने की मांग की है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष नरेश नेगी, सलाहकार मनोज भंडारी ने कहा कि पिछले दो महीने से मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों ने बिना मानदेय के लोकसभा चुनाव में ड्यूटी भी की। कहा कि विभाग को समय पर बजट मिलने के बाद भी पौड़ी जिले के कर्मचारियों को हर बार मानदेय समय पर नहीं मिलता है।

# रोटरी क्लब व यातायात पुलिस ने बांटे हेलमेट




कोटद्वार में आमजन को हेलमेट देते रोटरी क्लब के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रोटरी क्लब और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले 25 लोगों को हेलमेट वितरित किए गए।तीलू रौतेली चौक में आयोजित उक्त अभियान का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने किया। उन्होंने कहा कि सभी दोपहिया वाहन चालक को हैलमेट पहनकर चलना चाहिए। यह आपके जीवन को बचाने में सहायक होता है। कहा कि इस संबंध में पुलिस की ओर से समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है, लेकिन फिर भी कुछ लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, ऐसा कर वे अपने जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। मौके पर यातायात पुलिस की ओर से बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे लोगों के चालान भी किए गए। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक जानकी पंवार, एसआई केडी शर्मा, रोटरी क्लब अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल, सचिव प्रतिभा गुप्ता, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, अमित अग्रवाल, अनीता चावला, शरत चन्द गुप्ता और गोपाल बंसल मौजूद रहे।

# मनोज बिष्ट बनें अतिथि शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : शुक्रवार को माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ ब्लॉक थलीसैंण की बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज बिष्ट को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मनोज बिष्ट को अध्यक्ष, प्रकाश चन्द्रा व महेश जोशी को उपाध्यक्ष, नरेश चन्द्रा व श्रीमती रजनी ममगांई को कोषाध्यक्ष, केशव नौटियाल को संगठन मंत्री, दिनेश कुमार गौतम को सह संगठन मंत्री, मान सिंह को सचिव, रेखा मेहरा को सह सचिव, संतोष टम्टा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में अतिथि शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही अतिथि शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन मानदेय ना मिलने पर नाराजगी जताई।

# बेस चिकित्सालय में आधे घंटे पहले शुरु होगा ओपीडी रजिस्ट्रेशन

श्रीनगर गढ़वाल : बेस चिकित्सालय श्रीकोट में शुक्रवार से ओपीडी रजिस्ट्रेशन का समय आधे घंटे पहले कर दिया गया है। अब अस्पताल आने वाले मरीजों को सुबह नौ बजे के बजाय साढ़े आठ बजे से ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर खुला मिलेगा, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी।बेस चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि बेस चिकित्सालय में ओपीडी पंजीकरण का समय आधे घंटे पहले कर दिया गया है, जिसमें ओपीडी पंजीकरण काउंटर, बिलिंग काउंटर, भर्ती काउंटर मरीजों के हित में साढ़े आठ बजे से खुल जायेंगे। चिकित्सालय के मेडिकल रिकार्ड विभाग की अति आवश्यक सेवाओं को देखते हुए सभी तैनात कार्मिकों को समय पर काउंटरों पर बैठने के निर्देश दिये गये हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि पंजीकरण संबंधी काउंटर में प्रथम पाली प्रातः साढ़े आठ बजे से अपराह्न ढ़ाई बजे तक, द्वितीय पाली अपराह्न ढ़ाई बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक तथा तृतीय पाली रात्रि साढ़े आठ बजे से सुबह साढ़े आठ बजे से संचालित होगी। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 14-DRM-MB-24-25 Dt. 23.04.2024 |
| कार्य का नाम | Fabrication and Fixing of 60/52 Kg in situ Glued joints over Moradabad Division in the section of Sr.DEN/IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 28.05.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 53,05,005.00 |
| धरोहर राशि | 1,06,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 14.05.2024 |

टेन्डर न. Sr.DEN-IV/Publication/23-24 दिनांक 03.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1343/24

# अफसर जल संरक्षण को लेकर कार्य योजना तैयार करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में जनपद स्तरीय जल संरक्षण एवं संवर्धन समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल स्त्रोतों, जल धाराओं व नदियों के पुनर्जीवीकरण को लेकर कार्य योजना तैयार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। शुक्रवार को आयोजित जल संरक्षण एवं संवर्धन की बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल संरक्षण अभियान के तहत बनाये जा रहे प्लान में जनपद की कोई तीन नदियों सहित उसकी 20 सहायक नदियों को शामिल करने के साथ ही प्रत्येक विकासखण्ड से 10-10 कुल 150 जल स्त्रोतों को शामिल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन जल स्त्रोत को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य योजना में




शामिल किया जा रहा है वे उन बीस सहायक नदियों से सम्बंधित हो। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों सहित जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद क्षेत्रांतर्गत पेयजल संकट ग्रस्त इलाको में पेयजल आपूर्ति हेतु विभागीय स्तर पर की जा रही कार्यवाही से आज ही जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जिला मुख्यालय जलागम कार्यालय में एक कन्ट्रोल रुम स्थापित किया जायेगा ताकि कार्य योजना में शामिल क्रियाकलापों की गतिविधियों व कार्य प्रगति की दैनिक रूप से मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि कार्य योजना में शामिल इन जल स्त्रोतों, नदियों के जलस्तर (वाटर लेवल) का आंकड़ा कार्य से पहले व कार्य के बाद दोनों ही रूप में रखा जाय। ताकि जल संरक्षण को लेकर धरातल पर होने वाले कार्यों के उपरान्त जलस्तर में बढ़ोतरी का आंकलन करने में आसानी हो सके। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिता जोशी, अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान पीके सैनी, अधिक्षण अभियन्ता जल निगम मो. मिसम, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद गौड, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, जिला पंचायतराज अधिकारी जितेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान एसके राय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम बीरेन्द्र भट्ट सहित डीएफओ गढ़वाल, सभी एसडीएम व जल संस्थान व जल निगम के क्षेत्रीय अधिकारी आभासी माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# प्रमुख वन संरक्षक ने क्रूस्टेशनों व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

नई टिहरी : अपर वन संरक्षक गढ़वाल नरेश कुमार और भागीरथी वृत के वन संरक्षक धर्म सिंह मीणा ने शुक्रवार को वनाग्नि रोकथाम को लेकर प्रधानों और सरपंचों से मुलाकात कर वनाग्नि रोकथाम में सहयोग की अपील की। मौके पर उन्होंने क्रू स्टेशनों और मास्टर कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा। शुक्रवार को अपर प्रमुख वन संरक्षक नरेश कुमार और वन संरक्षक धर्म सिंह मीणा ने जनपद टिहरी में आग नियंत्रण को गजा, डायजर और रानीचौरी क्रू-स्टेशनों के साथ नई टिहरी मुख्यालय पर अवस्थित मास्टर कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर इन्हें ओर एक्टिव करने के निर्देश डीएफओ पुनीत तोमर और जीवन को दिए। क्रू-स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान इन वनाधिकारियों वे अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण करते हुए आग बुझाने वाले वन कार्मिकों को मास्क के सादी वर्दी और अन्य जरूरत के हिसाब से मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

अग्नि शमन उपकरणों को भरपूर उपयोग आग बुझाने में उपयोग करने के निर्देश कार्मिकों को दिए। कहा कि आग बुझाने में संसाधनों की कमी को हरहाल में पूरा किया जायेगा। गजा, रानीचौरी व डायजर क्रू-स्टेशनों का निरीक्षण करने के दौरान वनाधिकारियों ने स्थानीय प्रधानों और सरपंचों से आग बुझाने में पूर्ण सहयोग करने की अपील की। वहीं आग लगाने वालों की गुप्त सूचना देने व आग की रोकथाम अहम भूमिका निभाने को कहा।

## एक नजर

### देवखाल सिरोपाणी के जंगल में लगी आग

चमोली : शुक्रवार को जिले के अंतर्गत केदारनाथ वन प्रभाग के देवखाल सिरोपाणी के जंगलों में आग लग गई। केदारनाथ वन विभाग के एसडीओ जुगल किशोर ने बताया सूचना पर वन कर्मियों और फायर वाचरों ने मिलकर आग पर नियंत्रण पा लिया है। बताया धनपुर और कमेडा क्षेत्र के जंगलों में भी आग लगने की जानकारी मिलने पर बुझाने का कार्य किया जा रहा है। चमोली जिले के आसमान में चारों ओर धुंआ और धुंध छाई है। (एजेंसी)

### वन निगम अध्यक्ष व पूर्व विधायक गहतोड़ी का निधन

देहरादून। उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष,पूर्व विधायक व व्यवसायी कैलाश गहतोड़ी का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार सुबह दून अस्पताल में निधन हो गया। वे 55 साल के थे। सुबह करीब सात बजे उन्होंने वहीं अंतिम सांस ली। उनके निधन पर सीएम पुष्कर धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल सहित कई लोगों ने शोक जताया है। बेहद सरल और सौम्य स्वभाग के व्यक्ति गहतोड़ी उस समय सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने चंपावत से अपनी सीट सीएम पुष्कर धामी के लिए छोड़ी थी। इसके बाद सीएम पुष्कार धामी को वहां से चुनाव जिताने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। सरकार बनने के बाद उन्हें वन विकास निगम का अध्यक्ष बनाते हुए कैबिनेट मंत्री स्तर का दर्जा दिया गया था। कैलाश गहतोड़ी ने निगम को भी आगे बढ़ाने के लिए कई काम किए। कैंसर जैसी बीमारी से जूझने के बावजूद उन्होंने जीवटता के साथ काम किया। निगम की आय बढ़ाने के लिए फर्नीचर उद्योग लगाने, जड़ी बुटी व अन्य चीजों की बिक्री और पर्यटन के क्षेत्र में भी वे निगम को बढ़ाना चाहते थे। पिछले साल नवंबर में वे अमेरिका से इलाज करवाकर लौटे थे। कुछ समय ठीक रहने के बाद इसी साल मार्च में तबियत फिर बिगड़ने पर वे कोयंबटूर में इलाज करवाने गए थे। लेकिन वहां से लौटने के बाद अचानक बीमार होने लगे। जिस पर तीन दिन पूर्व उन्हें दून अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उनका निधन हो गया।उनके निधन पर निगम के एमडी डा. एसपी सुबुद्धि, पूर्व एमडी व पीसीसीएफ डा. धनंजय मोहन, पूर्व जीएम राहुल, आरएम शेर सिंह सहित कर्मचारी संगठनों ने भी दुख जताया है।

### दून में महिला कांग्रेस का रेवन्ना प्रकरण को लेकर प्रदर्शन

देहरादून। महिला कांग्रेस ने कर्नाटक के रेवन्ना प्रकरण पर देहरादून स्थित पासपोर्ट कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने दुष्कर्म के आरोपी पिता–पुत्र के पासपोर्ट रद्द करने की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री के अलावा क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के माध्यम से विदेश मंत्री को ज्ञापन भेजा। साथ ही भाजपा से पूरे प्रकरण को लेकर माफी मांगने की मांग उठाई। प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रजवल्ल रेवन्ना और एचडी रेवन्ना के खिलाफ लगे गंभीर आरोपों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि इस मामले की शिकायत भाजपा के ही नेता ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को दिसंबर 2023 में दे दी थी, बावजूद इसके एनडीए ने दुष्कर्म के आरोपी को लोकसभा का टिकट दिया। उन्होंने रेवन्ना के विदेश जाने पर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया कि बिना विदेश मंत्रालय के संज्ञान के दुष्कर्म के आरोपी विदेश नहीं भाग सकता। इसकी जांच होनी चाहिए और विदेश भगाने में मदद करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही एडी रेवन्ना और उनके पुत्र प्रजव्ल्ल रेवन्ना के पासपोर्ट तत्काल रद्द किए जाने चाहिए। महिला कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को ज्ञापन भी भेजा। प्रदर्शन में आशा मनोरमा डोबरियाल के साथ निधि नेगी, सुशीला बेलवाल शर्मा, सैनी मौजूद रहे।

### पेयजल संकट के लिए सरकार जिम्मेदारः उक्रांद

देहरादून।उत्तराखंड क्रांति दल(उक्रांद) ने देहरादून में जल संकट के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। दल ने कहा कि देहरादून में इन दिनों कई इलाकों में पेयजल संकट है, इससे लोग परेशान हैं। पीने के पानी के लिए लोगों को मोहताज होना पड़ रहा है। दूसरे प्रदेशों की प्यास बुझाने वाले उत्तराखंड में पेयजल संकट चिंताजनक है। इसके लिए उत्तराखंड में राज कर चुकी कांग्रेस और भाजपा की सरकारें हैं। इन्होंने आम लोगों से केवल वोट लिए, उनकी मुलभूत समस्याओं का निदान नहीं किया। दल के महानगर देहरादून उपाध्यक्ष रामकुमार शंखधर ने कहा कि आने वाले निकाय चुनावों में प्रदेश की जनका इसका जवाब जरूर देगी।

# किसानों को मिलेगा खरीफ फसल का बीज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : खरीफ की फसल बोने के लिए जिले के सभी 39 न्याय पंचायतों में बीज उपलब्ध हो चुका है। कृषि विभाग की ओर से काश्तकारों यह उन्नतशील प्रजाति का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने बताया कि खरीफ की फसल उडद, झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन, रामदाना, सावा, धान का 564 कुंतल बीज लिया गया है। जिले की सभी न्याय पंचायतों में स्थित कृषि निवेश केंद्रों को बीज उपलब्ध करा दिया गया है। कृषक अपने नजदीकी कृषि निवेश केंद्र से निर्धारित 50 प्रतिशत अनुदान पर खरीफ फसलों का बीज ले सकते है। उन्होंने बताया कि जनपद में 53129 कृषक अभी कृषि विभाग में पंजीकृत है। किसानों की मांग के अनुसार समय से पर्याप्त मात्रा में बीज लिया गया है। किसान अपने घर के समीपवर्ती न्याय पंचायत से यह बीज निर्धारित अनुदान पर ले सकते है।

### टीम ने किया यात्रा रूट पर सुविधाओं का निरीक्षण

नई टिहरी : शुक्रवार को संयुक्त टीमों ने यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ाव के बाजारों का निरीक्षण कर दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चारधाम यात्रा को लेकर यात्रा मार्गों पर स्थित कस्बों व बाजारों में नागरिक सुविधाएं परखने के लिए डीएम मयूर दीक्षित की ओर से गठित संयुक्त टीमें इन दिनों जिलेभर में निरीक्षण अभियान चला रही हैं। 10 मई तक डीएम ने रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को नैनबाग क्षेत्र में तहसील, पूर्ति, बाट माप विभाग की टीम ने यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ाव नैनबाग, खरसोन, क्यारी, सुमन क्यारी बाजारों का निरीक्षण किया। इस दौरान पेट्रोल पम्प सहित होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंटों और जनरल स्टोरों में स्टाक, सामान की गुणवत्ता, रेट सूची आदि का निरीक्षण किया गया। (एजेंसी)

# शिविर में 76 लोगों ने कराई आंखों की जांच



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण में हंस फाउंडेशन सतपुली द्वारा नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में 76 लोगों ने जांच कराई। शुक्रवार को आयोजित नेत्र शिविर में हंस फाउंडेशन सतपुली की टीम ने 76 लोगों की निःशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की। इस दौरान जरूरत मंद लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। हंस फाउंडेशन की ओर से माह में दो बार थलीसैंण में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में आंखों की जांच कर चयनित लोगों का सतपुली बांघाट में सफल ऑपरेशन किया जाता है। शिविर में डॉ. वीपी चीमा, जनरल फीजिशियन आयुष नेगी, सूरज, विकास हिंदवाण ने लोगों की जांच की।

# मोदी ने विश्व को करवाया भारत की ताकत का एहसास : महाराज

### बोले हम तीन करोड़ लखपती दीदी बनाने के लक्ष्य पर कर रहे हैं काम

देहरादून/धार (मध्य प्रदेश): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से ताकतवर बना है। आर्थिक समृद्धि के मामले में 2014 से 2024 तक हम दस वर्षों में भारत को 11वें स्थान से 5वें स्थान पर ले आये हैं। भारतीय जनता पार्टी भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी देती है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मोदी सरकार द्वारा गरीबों को हर महीने मुफ्त राशन दिये जाने की व्यवस्था लगातार चल रही है।

उक्त बात भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मध्य प्रदेश स्थित धार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर के समर्थन में नालछा में आयोजित एक चुनावी जनसभा को




संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के कार्यों ने विश्व को भारत की ताकत का एहसास करवाया है। चन्द्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाला भारत जहां एक ओर भारत पहला देश बना है वहीं दूसरी ओर रूस-युक्रेन युद्ध को कुछ समय के लिये रोकने के साथ-साथ युक्रेन से 22 हजार से अधिक भारतीयों की सकुशल स्वदेश वापसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है। इनता ही नहीं तिरंगे के सहारे भारतीयों के साथ-साथ वहां फंसे अन्य देशों के नागरिकों की भी वापसी सम्भव हो पायी थी। श्री महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश हित में जम्मू कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर कांग्रेस की एक बड़ी भूल को सुधारने के साथ–साथ यह बड़ा ऐतिहासिक फैसला लिया है। अयोध्या विवाद का हल भी मोदी सरकार में ही सम्भव हो पाया है। तीन तलाक की कुप्रथा से मुस्लिम महिलाओं को केन्द्र की मोदी सरकार ने ही निजात दिलाई है। उन्होंने कहा कि हम हर वंचित वर्ग के विकास की गारंटी देते है और 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जिस संकल्प पत्र को चुनाव में लेकर आयी है उसमें स्पष्ट रूप से गांरटी दी गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में सामने आयेगा। भाजपा का संकल्प पत्र गरीबों की सेवा की गांरटी भी देता है। इसलिए संकल्प पत्र में कहा गया है कि अगले पांच वर्षों तक गरीबों को मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन और पीएम सूर्य घर से जीरों बिजली बिल की व्यवस्था की जायेगी। हमने 1 करोड़ लखपती दीदी बनाई है अब हमने संकल्प लिया है कि हम 3 करोड़ लखपती दीदी बनाने का काम करेंगे। जनसभा में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर, धर्मपूरी विधानसभा के विधायक कालू सिंह ठाकुर, नालछा भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश, गुजरी मण्डल अध्यक्ष हुकम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### नई टिहरी में बनेगा वन प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता केंद्र

नई टिहरी : शुक्रवार को भागीरथी वृत्त के वन संरक्षक मीणा ने नर्सरी और डीएफओ कार्यालय सहित कई रेंजों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि वनों को आग से बचाने वाली ग्राम पंचायतों को विभाग पुरस्कृत करेगा। वहीं नई टिहरी के नर्सरी में वन प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता केंद्र भी बनाया जाएगा।

बताया कि उनके सर्किल में छह वन रेंजों में 292 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। अब तक 1190 आग की सूचनाएं मिली हैं। जिसमें 33 मेजर केस वनाग्नि के हैं। अब तक 90 हेक्टेयर रिजर्व वन को आग से नुकसान पहुंचा है। अगला एक पखवाड़ा विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनोती है, क्योंकि इस दौरान भीषण गर्मी का अनुमान है। (एजेंसी)

# गणेश गोदियाल ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

चमोली : गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल शुक्रवार को थराली पहुंचकर कार्यकर्ताओं का आभार जताया। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। गोदियाल ने कहा कि भाजपा लोगों को गुमराह कर चुनाव को जीतना चाहती थी। जिसे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विफल कर दिया है। कहा कि मतदाताओं ने लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओ को अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटकर प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए जमीनी स्तर कार्य करने को कहा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विनोद रावत, ब्लॉक महिला अध्यक्ष दिपा पटवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोदांबरी रावत, मीडिया प्रभारी विनोद चंदोला, सचिव गजेंद्र रावत, प्रदुमन रावत, राजा चौहान, राजेंद्र रावत, डीडी कुनियाल, पुष्पा देवी, मनोज चंदोला, उमेश पुरोहित, संदीप पटवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

### छात्रों को बांटे परिचय पत्र

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में एनएसएस के सहयोग से फरवरी माह में हैरिटेज एंड टूर गाईड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा जारी परिचय पत्र का वितरण किया गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती ने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण गाईड के रूप में ये छात्र/छात्राएं यहां की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के साथ ही इस क्षेत्र को बेहतर करियर के रूप में भी चुन सकते हैं। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ. हिना नौटियाल, डॉ. चंद्रमोहन मौजूद रहे। (एजेंसी)

# होम स्टे योजना को लेकर दिया उद्यमियों को प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग : होम स्टे योजना को प्रचारित प्रसारित करने के साथ-साथ उन्हें ऑनलाइन से जोड़ने को लेकर गुप्तकाशी एटीआई सभागार में शुक्रवार को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

इस दौरान होम स्टे योजना से जुड़े सभी लाभार्थियों को होटल संचालन तथा भोजन से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण दिए गए। कार्यक्रम के दौरान निकट स्थित होटल में ले जाकर लाभार्थियों को लाइव प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एटीआई के प्रबंधक नंदलाल बडोनी ने कहा कि केदार घाटी उद्यमिता, आर्थिकी तथा प्राकृतिक सौंदर्य के दृष्टिगत रोजगार का प्रमुख क्षेत्र है। खास तौर से पलायन करने वाले लोगों को छोटे-मोटे लघु तथा कुटीर उद्योग लगवा कर अपनी आर्थिक सुधारनी चाहिए। कहा कि आज सिडबी सहित कई स्वतंत्र संस्थाएं युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त कर रही है। उपहार समिति के अध्यक्ष विपिन सेमवाल ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से होटल तथा लौजों के संचालन के संबंध में प्रकाश डाला। सिडबी के क्लस्टर मैनेजर देवकीनंदन ने उद्यमिता विकास प्रशिक्षण से होने वाले दूरगामी लाभों के बारे में विस्तृत विवेचना की।

### रोक के बाद भी जोशीमठ में निर्माण कार्य जारी

चमोली : जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने सरकार से जोशीमठ में भारी निर्माण रोक का शासनादेश सब पर समान रुप से लागू किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में समिति ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली लोग जोशीमठ में भारी निर्माण कार्य करवा रहे है। जबकि जरुरतमंद प्रभावितों पर शासनादेश का पालन कराने को लेकर पुरी सख्ती है। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने बताया कि 2023 से जोशीमठ में सभी तरह के निर्माण पर रोक है। इसके बावजूद प्रभावशाली लोगों द्वारा निर्माण कार्य लगातार जारी है। कई बार के ध्यान दिलाने के बाद भी इसमें कोई रोक नहीं है। (एजेंसी)

# आज से सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ चलेगा अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : चारधाम यात्रा आरम्भ होने से पूर्व ऋषिकेश, लक्ष्मणझूला, मुनि की रेती, तपोवन व श्रीनगर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने शनिवार से अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त से सख्त कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान शनिवार से देहरादून में भी चलाया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ट्रैफिक मेनेजमेंट को यात्रा से पहले ही दुरूस्त करना अति आवश्यक हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को चारधाम यात्रा रूट्स के वैकल्पिक मार्गों के प्रस्तावों पर भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में शुक्रवार को पुलिस




महानिदेशक, कमीशनर गढ़वाल, डीएम देहरादून, टिहरी व पौड़ी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, टिहरी व पौड़ी के साथ ट्रैफिक मेनेजमेंट पर बैठक लेते हुए सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने ट्रैफिक मेनेजमेंट हेतु जिलाधिकारियों को दीर्घ अवधि के प्रस्ताव शासन को जल्द भेजने व लघु अवधि के सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए हैं। ऋषिकेश में सड़क किनारे खड़े वाहनों की अवैध पार्किग की समस्या व उससे होने वाले ट्रैफिक जाम के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने ऋषिकेश में राफटिंग स्थलों व कैम्पिंग के पास ही पर्यटकों के वाहनों हेतु पार्किंग की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निजी भूमि में भी पार्किंग की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर वाहन खड़े करने की प्रवृति को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, इसके खिलाफ सख्त व त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जाए। इसके साथ ही ऐसे होटल व रेस्टोरेन्ट मालिको के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी जो अपने कर्मचारियों व ग्राहकों हेतु उपयुक्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं तथा सड़कों पर अवैध पार्किंग को बढ़ावा दे रहे हैं।

# खनन विभाग एवं राजस्व विभाग की अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

### अवैध खनन कर रहे व्यक्ति पर लगाया 3 लाख 48 हजार 915 का जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : खनन विभाग एवं राजस्व विभाग ऊखीमठ द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है। ,ानन विभाग ने अवैध खनन कर रहे व्यक्ति पर 3 लाख 48 हजार 915 का जुर्माना लगाया है।

उपनिदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म वीरेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम वासी दैड़ा द्वारा सूचना दी गई कि दैड़ा गांव में अवैध रूप से खनन का कार्य किया जा रहा है। कहा कि ग्राम वासियों की सूचना का त्वरित संज्ञान लेते हुए खनन एवं राजस्व विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्र का औचक निरीक्षण एवं छापेमारी



की कार्यवाही की गई जिस पर ग्राम मक्कू क्षेत्रांतर्गत अवैध खनन और परिवहन का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं एवं राजस्व उपनिरीक्षक दैड़ा द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम मक्कू क्षेत्रांतर्गत अवैध खनन और परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम मक्कू के मठियाणा तोक में सड़क के बायें किनारे मक्कू चोपता मोटर मार्ग भूमि में जेसीबी मशीन द्वारा उपखनिज का खनन (मिट्टी-पत्थर) किया जाना पाया गया। मौके पर पूछताछ पर पता चला कि उक्त स्थल पर खनन का कार्य केवलानंद मैठाणी पुत्र कुलानंद ग्राम मक्कू मठियाणा द्वारा कराया जा रहा है। केवलानंद को मौके पर बुलाया गया और पूछताछ की गई। पूछताछ में केवलानंद ने बताया कि उक्त स्थल पर भवन निर्माण हेतु समतलीकरण/खुदान कार्य किया जा रहा है। उक्त भूमि के समतलीकरण/खुदान बावत अनुमति पत्र मांगे जाने पर केवलानंद द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त प्रकरण बिना सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त न किए जाने खनन किया जाना उत्तराखंड उपखनिज परिहार नियमावली-2023 में उल्लिखित प्राविधानों का उलंघन है। जिस पर उत्तराखंड खनिज अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण निवारण 2021 यथासंसोधित 2023 के अंतर्गत अवैध उत्खनित की मात्रा पर प्रथम बार में प्रचलित रायल्टी का दो गुना अधिरोपित किए जाने का प्राविधान है। उपनिदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खनिज नियमावली के तहत मौके स्थल पर बिना अनुमति के जेसीबी मशीन द्वारा खनन करते पाए जाने जिसे मौके पर पटवारी के सुपुर्द कर दिया गया है उत्तराखंड खनिज नियमावली 2021 के अंतर्गत 2 लाख का अर्थदंड अधिरोपित होता है। उन्होंने कहा कि उक्त व्यक्ति पर उत्खनित उपखनिज की मात्रा पर देय 1 लाख 48 हजार 915 तथा जेसीबी मशीन पर 2 लाख इस प्रकार कुल 3 लाख 48 हजार 915 की धनराशि अधिरोपित होती है, जिसे संबंधित से वसूली किए जाने की संस्तुति की गई है।

### 12 घंटे बाद बदरीनाथ हाईवे खुला

चमोली : हनुमान चट्टी से आगे घोडशिला में अवरुद्ध बदरीनाथ हाइवे 12 घंटे बाद सुचारू हो गया है। घोडशिला में चट्टान से भारी बोल्डर आने से बदरीनाथ हाइवे गुरुवार शाम 6 बजे के लगभग बाधित हो गया था।

सड़क खोलने के लिए लगातार प्रयास किये जाने के बाद शुक्रवार सुबह 6 बजे के लगभग हाइवे सुचारू कर दिया गया। वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। हालांकि अभी भी चट्टान के ऊपर लूज रॉक का कुछ हिस्सा बचा हुआ है। वहीं बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पागल नाला के पास सड़क चौड़ीकरण के काम में हार्ड रॉक को काटने का कार्य किया जा रहा। (एजेंसी)

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com